सी.एस.आई.आर.-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला
जमशेदपुर-831007

सं.: रा.धा.प्र./20/05/2021 दिनांक: 10/12/2021

## सूचना

**विषय: विश्व हिन्दी दिवस और अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर प्रयोगशाला के वैज्ञानिकों द्वारा हिन्दी एवं अपनी मातृभाषा में रिसर्च पेपर की प्रस्तुति।**

महानिदेशक महोदय , सीएसआईआर के पत्रांक 20-10(2)/2001-रा.भा. दिनांक 22/09/2021 (प्रति संलग्न) के संदर्भ में सूचित करना है कि भारत के महामहिम उपराष्ट्रपति जी के विशेष आग्रह पर माननीय मंत्री महोदय ने भारत संघ की राजभाषा तथा अन्य प्रादेशिक भाषाओं के विकास , संवर्धन एवं संरक्षण के संबंध में एक समयबद्ध 7 सूत्री चार्टर का अनुमोदन किया है। इस चार्टर को भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के अंग के रूप में कार्यान्वित किया जाएगा। उन्होंने अपने नेतृत्व वाले सभी मंत्रालयों/विभागों में इस चार्टर को लागू किए जाने का भी निदेश दिया है।

आगामी 10 जनवरी , 2022 को विश्व हिन्दी दिवस तथा 21 फरवरी , 2022 को अन्तरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का भव्य आयोजन किया जाना है। इस क्रम में वैज्ञानिकों द्वारा भारत संघ की राजभाषा तथा अन्य प्रादेशिक भाषाओं के विकास , संवर्धन एवं संरक्षण के संबंध में 10 जनवरी , 2022 को राजभाषा हिन्दी में तथा 21 फरवरी , 2022 को अपनी-अपनी मातृभाषा में वैज्ञानिक शोध-पत्र की प्रस्तुति का आग्रह किया गया है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है कि विश्व में भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिता को बढ़ावा मिले। ऐसे आयोजनों से देश में भाषायी एकता का भाव पैदा करने में मदद मिलेगी और हमें विविधता में एकता की भावना से राजभाषा हिन्दी के साथ-साथ प्रादेशिक भाषाओं का विकास करने की प्रेरणा मिलेगी।

अतः प्रयोगशाला के वैज्ञानिक व्याख्यान / संगोष्ठी ( Scientific Lectures / Seminars) आयोजित करने वाले सभी समिति प्रमुख एवं सदस्यों से आग्रह है कि 10 जनवरी , 2022 को राजभाषा हिन्दी में तथा 21 फरवरी, 2022 को मातृभाषा में शोध-पत्र की प्रस्तुति करने की पहल करें ताकि समय से मुख्यालय को इन की गई गतिविधियों से अवगत कराया जा सके। इस तरह के वैज्ञानिक व्याख्यान के आयोजन में सहयोग के लिए हिन्दी प्रकोष्ठ सदा तत्पर है।

पुरुषोत्तम कुमार

डॉ. पुरुषोत्तम कुमार
वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी (चयन ग्रेड)